Munmun Choudhary
Asst. Prof.
Depart. of Economics
A. S. College
Bikramganj.

B. A. Part - I
Economics Hons.
Paper - I
Micro Economics

Topic :- Utility Analysis
(उपयोगिता विश्लेषण)

* उपयोगिता या तुष्टिगुण का अर्थ एवं परिभाषाएँ (Meaning and Defination of Utility)

अर्थ (Meaning) :-

साधारण भाषा में वस्तु का उपयोगी होना उसका उपयोगिता (Utility) या तुष्टिगुण कहलाता है परंतु अर्थशास्त्र (Economics) की भाषा में किसी भी वस्तु का वह गुण जिसके द्वारा वस्तु मनुष्य की किसी-न-किसी आवश्यकता की पूर्ति करती है, उपयोगिता या तुष्टिगुण (Utility) कहलाता है। उपयोगिता का अर्थ है - आवश्यकता संतुष्टि शक्ति (Want Satisfying Power)। दूसरे शब्दों में, वस्तुओं की वह गुण को तुष्टिगुण या उपयोगिता कहते हैं जिसमें मनुष्य की आवश्यकता की सन्तुष्टि होती है।

परिभाषाएँ (Definations) :-

(i) प्रो. जेवन्स के अनुसार, "तुष्टिगुण या उपयोगिता से हमारा अभिप्राय किसी वस्तु की उस अमूर्त गुण से है जिसके द्वारा हमारे उद्देश्य की पूर्ति होती है।"

According to Prof. Jevons, "Utility refers to abstract quality whereby an object serves our purpose."

Scanned by TapScanner

(2) प्रो० हिब्डन के अनुसार, "तुष्टिगुण या उपयोगिता से हमारा अभिप्राय या उपयोगिता किसी पदार्थ की वह क्षमता है जो आवश्यकता को सन्तुष्ट करता है।"

According to Prof. Hibdon, Utility is the quality of the goods to satisfy a want."

(3) श्रीमति रबिन्सन के अनुसार, "तुष्टिगुण या उपयोगिता वस्तुओं का वह गुण है जिसके फलस्वरुप लोग उसे खरीदना चाहते है।"

According to Mrs. Robinson, " Utility is the quality in commodities that makes individual want to buy them."

* उपयोगिता या तुष्टिगुण की विशेषताएँ
Characteristics of Utility

(1) तुष्टिगुण या उपयोगिता मानव की आवश्यकता व तीव्रता पर निर्भर करती है (Utility depends on wants and its intensity) - उपयोगिता किसी वस्तु में निहित गुण नहीं होता है, यह व्यक्ति की आवश्यकता और तीव्रता पर निर्भर करता है।

(2) उपयोगिता का भौतिक रुप नहीं होता (No Physical Shape of Utility) - उपयोगिता का कोई भौतिक स्वरुप नहीं होता, उसे न तो हम देख सकते

Scanned by TapScanner

है और न ही स्पर्श कर सकते हैं। उपयोगिता केवल संतुष्टि के रूप में अनुभव किया जा सकता है।

(3) उपयोगिता सापेक्षिक होती है (Utility is relative) -
उपयोगिता सापेक्षिक होता है, वस्तु की उपयोगिता व्यक्ति, समय और स्थान के साथ बदलती रहती है।

(4) तुष्टिगुण और सन्तुष्टि दोनों शब्दों का समान अर्थ नहीं होना (Utility and Satisfaction is not the Same) - तुष्टिगुण या उपयोगिता किसी वस्तु-विशेष के प्रति उपभोक्ता की 'इच्छा की तीव्रता' का संकेत मात्र है। उपयोगिता वस्तु का उपभोग करने से पूर्व 'अनुमानित सन्तुष्टि' (Expected Satisfaction) है जबकि सन्तुष्टि किसी वस्तु के उपभोग से मिलने वाले वास्तविक सन्तोष का द्योतक है।

(5) उपयोगिता मापा जा सकता है (Utility can be measured) - किसी वस्तु से प्राप्त उपयोगिता को मापा जा सकता है। इसके लिए मुद्रा रुपी पैमाने का सहारा लिया जा सकता है। एक व्यक्ति किसी वस्तु के लिए जितनी मुद्रा व्यय करने को तैयार होता है, वही उस वस्तु के उपयोगिता का माप है। इस प्रकार वस्तु उपभोग के लिए उपभोक्ता द्वारा मुद्रा के रूप में किया गया त्याग ही उपयोगिता की माप है।

(6) उपयोगिता नैतिक मूल्यों से प्रभावित नहीं होता -
उपयोगिता का नैतिक मूल्य से सम्बन्ध नहीं होता। यदि

Scanned by TapScanner

(4)

किसी व्यक्ति को चोरी, डकैती आदि जैसे गैर सामाजिक कार्यों से उपयोगिता मिलती है, तब इन कार्यों उपयोगिता देने वाले कार्यों की श्रेणी में रखा जायेगा, जो कि अनैतिक कार्य है।

Scanned by TapScanner